प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.07.2024 संध्या 1900 बजे

मुख्य समाचार

1. **टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने नक्सली कमांडर रविन्द्र गंझू के समर्थकों के रांची और लातेहार स्थित कई ठिकानों पर की छापेमारी।**
2. **दक्षिण अफ्रीका के कैमरुन में फंसे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों की हुई सकुशल वापसी, राज्य सरकार ने दी आर्थिक सहायता।**
3. **26 जुलाई से शुरु होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र के सफल संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने की उच्चस्तरीय बैठक, मुख्य सचिव और डीजीपी को दिये कई निर्देश।**
4. **चुनाव आयोग कल करेगा एकीकृत मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन, 29 जुलाई तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर चलाया जायेगा विशेष अभियान।**

और,

5. **रांची में चार सौ करोड़ रुपये की लागत से बनेगा होटल ताज, राज्य सरकार और टाटा ग्रुप के साथ हुआ करार, मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन पर दिया जोर।**

****

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने टेरर फडिंग मामले में आज रांची के मैक्लुस्कीगंज और लातेहार जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में कई ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक एनआईए ने जिन ठिकानों पर दबिस दी है, वे 15 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू के समर्थक माने जाते हैं।

****

सर्वोच्च न्यायालय लंबित मामलों को निपटाने और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उन नागरिकों से इस पहल से लाभ उठाने की अपील की है जिनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं।

****

दक्षिण अफ्रीका के कैमरुन में फंसे झारखंड के सभी 27 श्रमिकों की वापसी हो गई है। वापस आए श्रमिकों का स्वागत समारोह गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के निमियाघाट स्थित वेद वाटिका में आयोजित किया गया। इस दौरान श्रमिकों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गयी। मौके पर राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम, महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन और गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

****

राज्य विधानसभा का मानसून सत्र 26 जुलाई से शुरु हो रहा है। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत कई वरीय अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने पत्रकारों से बातचीत में कहा की सत्र के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे इस बात पर जोर दिया गया।

****

इधर, विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर आज रांची में कांग्रेस विधायक दल की भी बैठक हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पार्टी के विधायक और मंत्री मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विधानसभा सत्र के सफल संचालन को लेकर विधायकों के साथ चर्चा की गई।

****

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कल एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। इसे लेकर राज्य भर में विशेष कैंप लगाये जायेंगे। कल से नौ अगस्त तक चुनाव आयोग मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर किसी भी तरह की शिकायत, आपत्ति या दावे की सुनवाई करेगा। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के लिए 29 जुलाई को सभी जिलों में अभियान चलाकर सूची में योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। वहीं 30 जुलाई को रैन बसेरा और आश्रय गृहों में रह रहे मतदाताओं का सत्यापन और नए मतदाताओं का निबंधन किया जाएगा। सूची में दिव्यांग मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए 31 जुलाई और 85 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग के वंचित मतदाताओं के नाम शामिल करने के लिए 1 अगस्त को अभियान चलाया जाएगा। दो अगस्त को अभियान चलाकर थर्ड जेंडर के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे।

****

राजधानी रांची में होटल ताज का निर्माण होगा। रांची के स्मार्ट सिटी में ताज ग्रुप के इस होटल का निर्माण कराया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके लिए टाटा ग्रुप के साथ एक एमओयू पर आज हस्ताक्षर किये। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा टाटा स्टील के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेन्द्रन भी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे राज्य की प्रसिद्धि बढ़ेगी, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य से पलायन रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

****

राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने रांची के हटिया स्थित पशुपालन निदेशालय में गो प्रसंस्करण की महिला प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इस मौके कृषि मंत्री ने हमारी गो माता– हमारा दायित्व कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ किया। मौके पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप और गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि इस पहल से आम लोगों को एक प्लेटफार्म मिलेगा जिसके तहत वे गौशाला को आर्थिक सहयोग कर सकेंगे।

****

लातेहार जिले में अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाये जा रहे हैं।